भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2881 का उत्तर

आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में भरतपुर स्टेशन

2881. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भरतपुर रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपरोक्त रेलवे स्टेशन पर आदर्श स्टेशन परियोजना के अंतर्गत पूर्ण किए गए या शेष कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): भरतपुर रेलवे स्टेशन को वर्ष 2006 में मॉडल स्टेशन के रूप में घोषित किया गया था। मॉडल रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत इस स्टेशन को पहले ही विकसित किया गया है और इस योजना के अंतर्गत प्रतीक्षा कक्षों, स्नान की सुविधाओं सहित कॉमन प्रतीक्षाकक्षों, महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग प्रतीक्षाकक्षों, उच्च तथा सेकेंड श्रेणी के लिए अलग प्रतीक्षा कक्षों, पार्किंग सुविधा सहित परिचलन क्षेत्र, गाड़ी संकेतक बोर्ड, जलशीतकों, संकेतकों, अमानती सामान घर, पूछताछ एवं कंप्यूटर आधारित उद्घोषणा, जन उद्घोषणा प्रणाली, अल्पाहार कक्षों, बुक स्टॉलों और अनिवार्य सामान के लिए अन्य स्टॉल जैसे विभिन्न कार्य पूरे किए गए हैं।

****

MM 2881